


सांध्य दैनिक
# 4PM



धर्म किसी दबे हुए प्राणी की साँस है, निष्ठुर दुनिया का दिल है, बेजान परिस्थिति की जान है। यह लोगो के लिये अफीम के समान है।

–कार्ल मार्क्स

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 10 ● अंकः 22 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024



आकाशदीप ने अंग्रेजों को जमीन.... 7 | लोक सभा चुनाव से पहले ... 3 | फासीवादियों से मुकाबला कर... 2


# बंगाल में भाजपा-टीएमसी की हरकत से सियासी बवाल

## » संदेशखाली में नहीं थमी हिंसा, शेख के भाई का घर फूंका, बीजेपी ने टीएमसी सरकार को घेरा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कोलकाता। संदेशखाली में मचे बवाल के बीच भाजपा नेता साव्यसाची घोष को वेश्यावृत्ति कराने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी चंगुल से कई लड़कियों को छुड़ाया गया है। इसके बाद से बंगाल में सियासी बवाल मच गया है। टीमएसी ने बीजेपी पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि महिलाओं को सम्मान देने की बात करने वाली पार्टी का असली चेहरा उजागर हो गया है। उधर पशिचम बंगाल में संदेशखाली केस को लेकर भी स्थानीयों का गुस्सा फिर फूटा है। शुक्रवार (23 फरवरी, 2024) को लोगों ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता और इस मामले में आरोपी शाहजहां शेख के भाई सिराज शेख की संपत्ति को फूंक दिया। वहीं इस मामले में भाजपा ने टीएमसी को घेरा है।

**भाजपा नेता वेश्यावृत्ति के आरोप में गिरफ्तार**

शाहजहां शेख के भाई की यह प्रॉपर्टी बेरमजदूर के कचारी इलाके में आग के हवाले की गई। गांव वालों का आरोप था कि सिराज शेख और उसके लोगों ने ग्रामीणों को जमीनें हड़पी हैं। यही वजह है कि उन लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस वाले भी पहुंचे थे। इस बीच, बीजेपी के नेताओं को संदेशखाली जाने से रोक दिया गया। भोजेरहाट में पुलिस टीम ने बीजेपी की सांसद लॉकेट चटर्जी और अन्य नेताओं को आगे नहीं बढ़ने दिया। वे लोग इस दौरान विरोध जताते हुए बोले कि उन्हें संदेशखाली नहीं जाने दिया जा रहा है।



## एनएचआरसी कर सकता है दौरा भाजपा का प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई की एक टीम शुक्रवार को संदेशखालि का दौरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जहां ग्रामीणों पर टीएमसी नेताओं के कथित अत्याचार को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के एक प्रतिनिधिमंडल के भी आज क्षेत्र का दौरा करने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की टीम का नेतृत्व राज्य इकाई की दो महासचिव लॉकेट चटर्जी और अग्निमित्रा पॉल करेंगी। पॉल ने कहा, हम संदेशखालि की महिलाओं से मिलकर उनकी शिकायतें सुनना चाहते हैं। एनएचआरसी ने क्षेत्र में जारी हिंसा और कथित मानवाधिकार उल्लंघन के संबंध में बुधवार को राज्य सरकार और पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी किया था।

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल और पुलिस में तीखी बहस



भाजपा की महिला नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल आज संदेशखाली के दौरे पर है। जहां प्रतिनिधिमंडल पीड़ति महिलाओं और स्थानीय लोगों से मुलाकात करेगा। हालांकि पुलिस ने भाजपा के प्रतिनिधिमंडल को संदेशखाली जाने से रोक दिया है, जिसके चलते भाजपा नेताओं और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी बहस हो गई। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाजपा की राज्य ईकाई की महासचिव लॉकेट चटर्जी और अग्निमित्रा पॉल कर रही हैं।

## ईडी ने दर्ज किया शाहजहां शेख के खिलाफ नया मामला, ली तलाशी



प्रवर्तन निदेशालय ने हिंसा प्रभावित संदेहशाखाली गांव में जमीन कब्जा करने के आरोप में टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया है।केंद्रीय जांच एजेंसी की कई टीमों ने उनसे जुड़े स्थानों पर तलाशी ली। इससे एक दिन पहले संदेशखाली में फिर से तनाव फैल गया था, जब निवासियों के एक समूह ने ताजा विरोध प्रदर्शन किया था और कथित तौर पर एक मत्स्य पालन के अलाघर (गार्ड रूम) में आग लगा दी थी, जिसके बारे में उनका दावा था कि यह स्थानीय टीएमसी नेताओं द्वारा हड़पी गई जमीन पर बनाया गया था। घटना के बाद, प्रशासन ने संदेशखाली की पांच ग्राम पंचायतों के तहत नौ क्षेत्रों में सीआरपीसी धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना जिले में सुंदरबन डेल्टा में एक छोटा सा द्वीप, संदेशखाली 5 जनवरी से भाजपा-टीएमसी राजनीति के केंद्र में है, जब स्थानीय ताकतवर और टीएमसी नेता के घर पर तलाशी के दौरान प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमला किया गया था। शाहजहां शेख. ईडी की टीम राज्य की सार्वजनिक वितरण प्रणाली में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में वहां गई थी। इस महीने की शुरुआत में, स्थानीय निवासियों ने शेख और उनके सहयोगियों उत्तम सरदार और शिबाप्रसाद हाजरा की गिरफ्तारी की मांग करते हुए उग्र प्रदर्शन किया था- निवासियों ने टीएमसी नेताओं पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने और जमीन हड़पने का आरोप लगाया था। जबकि सरदार और हाजरा को गिरफ्तार कर लिया गया है, शेख अभी भी फरार है।

# झारखंड हाईकोर्ट से राहुल गांधी को झटका

## » शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में याचिका खारिज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रांची। झारखंड हाईकोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को करारा झटका लगा है। दरअसल, कोर्ट ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणियों से संबंधित मामले में राहुल की याचिका खारिज कर दी है। याचिका में राहुल ने मामले में उनके खिलाफ लगाई गई याचिकाओं को खारिज करने की मांग की थी।



## हेमंत को बजट सत्र में शामिल होने की इजाजत देने से कोर्ट का इनकार

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उन्हें रांची की पीएमएलए कोर्ट से उस वक्त झटका लगा, जब अदालत ने बजट सत्र में शामिल होने की इजाजत की मांग वाली उनकी अर्जी खारिज कर दी है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष ने विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) कोर्ट में याचिका दायर कर बजट सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी थी।

# किसानों पर बंद हो अत्याचार : मनीष

## बोले- एमएसपी पर कानून लाने के लिए हो विशेष संसद सत्र

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। प्रदर्शनकारी किसानों और पुलिस बलों के बीच गतिरोध के बीच, कांग्रेस के लोकसभा सांसद मनीष तिवारी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र को फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून लाने के लिए संसद का एक विशेष सत्र बुलाना चाहिए, जो विरोध प्रदर्शन की प्रमुख मांग है।

पंजाब के आनंदपुर साहिब से सांसद तिवारी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एमएसपी पर कानून बनाने का वादा किए अब तीन साल हो गए हैं, लेकिन विफल रहे। उन्होंने कहा कि 2021 में जब सरकार ने काले कृषि कानून वापस लिए तो किसानों से वादा किया गया कि एमएसपी पर कानून लाया जाएगा।कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि तब से तीन साल हो गए, कोई कानून नहीं लाया गया। मैं मांग करता हूं कि संसद का एक विशेष सत्र तुरंत बुलाया जाए और किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी देने वाला एक कानून पारित किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार को शुभकरण सिंह को शहीद का दर्जा देना चाहिए।



## कांग्रेस को आर्थिक रूप से अपंग बना रही मोदी सरकार : जयराम रमेश

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा और मोदी सरकार कांग्रेस को आर्थिक रूप से अपंग बना रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर आर्थिक हमला कर, कांग्रेस को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। जिस तरह से 2016 में नोटबंदी हुई थी, उसी तरह अब मोदी सरकार कांग्रेस के खिलाफ खाता बंदी अभियान चला रही है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि हम डरने वाले नहीं हैं, हम इसका डटकर मुकाबला करेंगे। यह ब्लैकमेल की राजनीति है, हफ्तावसूली का प्रतीक है। जयराम रमेश ने कहा कि साल 2018-2023 के बीच करीब 30 निजी कंपनियों के खिलाफ एजेंसियों ने एक्शन लिया। फिर इन्हीं कंपनियों से पिछले चार साल में बीजेपी को 335 करोड़ रुपए का चंदा मिला है।

# फासीवादियों से मुकाबला कर दें शिकस्त : खरगे

## » अखिलेश को मिला कांग्रेस अध्यक्ष का पत्र

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी सदस्य मिलकर फासीवादी शक्तियों को रोकने का काम करेंगे। राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही भार जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखा है। यह पत्र लेकर बृहस्पतिवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और पूर्व सांसद पीएल पुनिया सपा कार्यालय पहुंचे। ज्ञात हो कि सपा और कांग्रेस के बीच बुधवार को गठबंधन की घोषणा की गई है। इसके बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखा है।

उन्होंने कहा कि फासीवादी शक्तियों से मुकाबला कर उन्हें शिकस्त देने के सहयोग के लिए आभार। 25 फरवरी को यात्रा अलीगढ़ और हाथरस होते हुए आगरा पहुंचेगी। इस यात्रा में शामिल होकर इंडिया गठबंधन को शक्ति दें। उन्होंने भेजे गए पत्र में यह भी कहा है कि इस यात्रा का मकसद भाजपा द्वारा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अन्याय झेल रही जनता को न्याय दिलाना है। उन्होंने अखिलेश यादव को संबोधित पत्र पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी और पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह को सौंपा। सपा की ओर से 25 को यात्रा में अखिलेश यादव के शामिल होने की बात कही गई है। वहीं सपा ने मतदान संबंधी प्रशिक्षण के लिए अपने सभी विधायकों को 24 को ही लखनऊ में तलब कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक सेंध की आशंका को देखते हुए विधायकों को तीन दिन पहले बुला लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक सभी को पार्टी अपने खर्च पर एक ही स्थान पर ठहराएगी। राज्यसभा चुनाव में सपा के तीन प्रत्याशी हैं– रामजी लाल सुमन, जया बच्चन और आलोक रंजन। दो प्रत्याशियों को जिताने के लिए सपा के पास पर्याप्त वोट हैं। अपना तीसरा प्रत्याशी जिताने के लिए सपा को 111 वोट चाहिए। 108 वोट सपा और 2 कांग्रेस के हैं। एक वोट कम है। जिसके लिए पूरी ताकत झोंकी जा रही है।

## सपा ने अपने विधायकों को किया लखनऊ तलब

लखनऊ। सपा ने भाजपा के तीन सहयोगी दलों सहित पांच पार्टियों में सेंध लगाने की रणनीति बनाई है। सपा इन सभी दलों के एक-एक विधायक के पीछे अपना एक-एक विधायक लगाएगी। उन्हें तोड़ने के लिए साम-दाम-दंड-भेद की नीति अपनाई जाएगी। इस बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 24 फरवरी को अपने सभी विधायक लखनऊ तलब कर लिए हैं। किसी तरह की टूट-फूट रोकने के लिए सभी को एक ही जगह ठहराने की तैयारी की जा रही है।जिस तरह फुटबाल में घेरने का गेम प्लान होता है कि हर खिलाड़ी के पीछे प्रतिद्वंदी टीम अपना एक खिलाड़ी लगा देती है। ठीक उसी तरह समाजवादी पार्टी ने भी भाजपा के सहयोगी दल निषाद पार्टी, अपना दल (सोनेलाल), सुभासपा के अलावा राष्ट्रीय लोकदल और राजा भैया की जनसत्तादल लोकतांत्रिक के विधायकों से बात करने के लिए अपने संगठन के लोग लगा दिए हैं। इन पांचों दलों के हर विधायक से सपा के एक-एक विधायक बात करेंगे। उनके साथ बैठकर उन्हें सपा प्रत्याशी को वोट देने की हर संभावना पर बात की जाएगी। फीडबैक के आधार पर नेतृत्व अंतिम फैसला लेगा। इन पांचों दलों में कभी न कभी सपा से जुड़े रहे विधायक भी हैं, जिनके सपा विधायकों से अच्छे संबंध हैं। निषाद पार्टी और सुभासपा में छह-छह विधायक हैं। अपना दल (सोनेलाल) में 13 विधायक हैं। राष्ट्रीय लोकदल में नौ और राजा भैया की पार्टी से दो विधायक हैं।



## नई पार्टी बनाते ही भाजपा-आरएसएस पर बरसे स्वामी प्रसाद मौर्य


उपेक्षा की बात कहकर सभी पदों से और विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के तालकटोरा में नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी (आरएसएसपी) का एलान कर दिया है। इस मौके पर उन्होंने भाजपा व आरएसएस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार इस देश की संपत्तियों को बेचने का पाप कर रही है। उन्होंने कहा कि धर्म की दुहाई देकर सत्ता में बैठे ये भूखे भेड़िए आज इंसानियत का कत्लेआम कर रहे हैं। हिंदू मुसलमानों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा और आरएसएस का जो इतिहास है, इस बात का गवाह है कि इस देश की आज़ादी में उनके परिवार और कुनबे का कोई व्यक्ति हिस्सेदार नहीं रहा है इसलिए देश से उन्हें कोई लगाव नहीं है। ये देश की पहली सरकार है जो कि देश की संपत्तियों को बेचने का पाप कर रही है। सपा में रहते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार अपने बयानों से चर्चा में रहे हैं। उनके बयानों के कारण सपा नेतृत्व भी कई बार परेशानी में नजर आया और उन्हें पार्टी में ही विरोध का भी सामना करना पड़ा है। बीते दिनों उन्होंने पहले सपा के राष्ट्रीय महासचिव और फिर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद दिल्ली में नई पार्टी का एलान कर दिया। उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया को मजबूत करने की बात कही थी।



# अशोक गहलोत की कांग्रेस से महत्ता कम होगी : शेखावत

## » कांग्रेस नेता के भविष्य पर भाजपा नेता की भविष्यवाणी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



जयपुर। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दावा किया कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अब कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व में कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं रह जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के लिए सीएम पद छोड़ने से गहलोत के इनकार का जिक्र करते हुए शेखावत ने कहा कि अनुभवी नेता को पहले पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व में महासचिव के रूप में भूमिका मिलती थी लेकिन इस बार नहीं।

भाजपा नेता ने कहा कि इस बार अशोक गहलोत की दिल्ली में पार्टी (कांग्रेस) में शायद कोई भूमिका नहीं रहेगी। अब जब वह आजाद होंगे तो मैं उनसे एक कप चाय पीने जरूर जाऊंगा और सीखूंगा कि उन्होंने राजनीति में इतने लंबे समय तक खुद को कैसे प्रासंगिक बनाए रखा। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने गुरुवार को यह भी दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में राजस्थान की सभी 25 सीटें जीतने जा रही है।

# एमएसपी पर कानून बनाएं मान : बादल

## » किसानों के समर्थन में आए कई संगठन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने बृहस्पतिवार को पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार से एक मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र में फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के लिए कानून बनाने को कहा। बादल ने कहा, एक मार्च से शुरू होने वाले आगामी विधानसभा सत्र के दौरान पंजाब सरकार द्वारा 22 फसलों पर एमएसपी और सुनिश्चित विपणन को कानूनी गारंटी दी जानी चाहिए।



उन्होंने यहां एक बयान में कहा, अगर मुख्यमंत्री इस गारंटी को कानूनी बनाने के लिए कोई कानून लाते हैं, तो शिअद उस कानून का पूरे दिल से समर्थन करेगा और मैं व्यक्तिगत रूप से जाकर उन्हें इसके लिए धन्यवाद दूंगा। बादल ने केंद्र से दो साल से अधिक समय पहले किसानों को दिए गए आश्वासन को पूरा करने की भी अपील की।

## राजग सरकार रखती है किसानों का ख्याल : प्रेम कुमार

पटना। बिहार के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि किसानों को उनके खाद्यान्न के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिले। मंत्री ने कहा कि इसे सुनिश्चित करने के लिए धान और गेहूं की ई-खरीद शुरू की गई है। विधानसभा में राज्य सहकारिता विभाग के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट आवंटन पर चर्चा का समापन करते हुए उन्होंने कहा, ''छोटे और सीमांत किसान राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राजग सरकार ने राज्य में सहकारी समितियों के साथ-साथ किसानों के वास्ते व्यापार सुगमता की दिशा में कई कदम उठाए हैं।''राज्य सरकार ने खरीद प्रक्रिया में पैक्स को शामिल करते हुए पंचायत स्तर तक अधिकतम विकेंद्रीकरण सुनिश्चित कर प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाया है ताकि किसानों को एमएसपी पर अपना अनाज बेचने के लिए दौड़ना न पड़े। विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन के बीच विभाग का 1,209 करोड़ रुपये का बजटीय प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि किसानों को उनके खाद्यान्न के लिए एमएसपी मिले और इस उद्देश्य के लिए धान और गेहूं की ई-खरीद शुरू की गई है।







# महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी का निधन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को निधन हो गया। उन्होंने शुक्रवार सुबह करीब तीन बजे मुंबई के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे 86 साल के थे। उन्हें कार्डियक अरेस्ट के बाद यहां भर्ती कराया गया था। सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री को बुधवार को पीडी हिंदुजा अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उन्होंने निजी चिकित्सा सुविधा में अंतिम सांस ली।

इससे पहले अस्पताल ने गुरुवार को एक बयान में कहा था कि मनोहर जोशी (86) गंभीर रूप से बीमार थे। शिवसेना के दिग्गज नेता को पिछले साल मई में ब्रेन हैमरेज के बाद इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मनोहर जोशी 1995 से 1999 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे और अविभाजित शिव सेना से राज्य में शीर्ष पद पर आसीन होने वाले पहले नेता थे। वह सांसद के रूप में भी चुने गए और 2002 से 2004 तक लोकसभा अध्यक्ष रहे, जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार सत्ता में थी।



R3M EVENTS
ACTIVATION · EVENTS · EXHIBITION

R3M EVENTS
4/725 Vaibhav Khand, Gomti Nagar, Lucknow
E-mail: rajendra@r3mevents.com, Mob : 095406 11100

# लोक सभा चुनाव से पहले एक हुआ विपक्ष

# बीजेपी ने भी कमर कसी, सरकार की उड़ी नींद

» कांग्रेस-आप, सपा-कांग्रेस में गठबंधन

» मोदी सरकार का लाभार्थी योजना के जरिए मिशन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। एकबार फिर विपक्षी एकता परवान चढ़ रही है। जहां यूपी में दलित वोटों पर बीजेपी की नजर है वही सपा की फिर कांग्रेस से गलबहिययां करने के इरादे रख रही है। वहीं अन्य सारे दल व भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) आगामी लोकसभा चुनाव से पहले बड़ी तैयारी कर रही है। ओबीसी से लेकर दलित वोटरों पर उसकी नजर है। यूपी में, बीजेपी लंबे समय से दलित वोट बैंक बढ़ाने की कोशिश कर रही है। राज्य में बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) पहले की तरह मजबूत नहीं है, जिससे बीजेपी को फायदा हो सकता है। पहले दलित समुदाय में बीएसपी का काफी समर्थन था। पर हाल के वर्षों में बीएसपी के जनाधार में कमी आई है।

यही नहीं, पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए किसी के साथ गठबंधन नहीं किया है और पूरे यूपी की 80 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। यूपी में 2019 के लोकसभा चुनाव में 62 सीटें जीतने वाली बीजेपी अब और ज्यादा सीटें जीतना चाहती है। भगवा दल का लक्ष्य 70 से ज्यादा सीटें जीतने का है। इसके लिए बीएसपी के वोटर उन्हें काफी अहम हो गए हैं। गौरतलब है कि यूपी की आबादी में 20 फीसदी अनुसूचित जाति की आबादी है। कमोबेश ये वोटर बीएसपी की तरफ माने जाते रहे हैं। लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में बीएसपी के दलित वोटों की संख्या में गिरावट आई है। बीएसपी को 2019 के लोकसभा चुनाव में 19.43 फीसदी वोट मिले थे लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में उसे महज 13 फीसदी वोट ही मिले। बीजेपी को लगता है कि अगर इस बार कोई गठबंधन नहीं हुआ तो बीएसपी के ज्यादातर वोटर किसी और को चुनेंगे। बीजेपी खुद को उनके लिए सबसे अच्छा विकल्प मानती है।

बीजेपी एसी मोर्चा के अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं से अनुसूचित जाति) समुदाय को सबसे ज्यादा लाभ मिला है। सरकार की नीतियां स्ष्ट समुदाय के कल्याण को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि अगर आप हाल के विधानसभा चुनाव देखें तो स्ष्ट समुदाय ने बड़ी संख्या में बीजेपी को वोट दिया है। अब हमारा काम यही है कि एससी मतदाताओं को विश्वास दिलाएं कि बीजेपी उनकी स्वाभाविक और पसंदीदा पार्टी है। रविदास जयंती (23 फरवरी) के मौके पर बीजेपी का अनुसूचित जाति मोर्चा पूरे राज्य में बस्ती संपर्क अभियान शुरू करेगा। इस अभियान के तहत बीजेपी नेता मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा करेंगे और गांव-कस्बों के विकास का भविष्य का रोडमैप पेश करेंगे। उसी दिन पीएम मोदी भी बनारस में संत रविदास जयंती कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। बीजेपी के अनुसूचित जाति मोर्चा का राष्ट्रीय सम्मेलन मार्च में आगरा में होगा। इसमें बीजेपी के एससी नेता, केंद्र के मंत्री और दूसरे राज्यों के नेता शामिल होंगे। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी इसमें खास संबोधन देंगे। पश्चिमी यूपी में स्ष्ट मतदाताओं की बड़ी संख्या को देखते हुए ही आगरा को चुना गया है, जहां पिछले लोकसभा चुनाव में बीएसपी का अच्छा प्रदर्शन था।

## यूपी में सपा-कांग्रेस के मिलन से उड़े भाजपा के होश

सपा- कांग्रेस में गठबंधन को लेकर ऊहापोह की स्थिति को समाप्त करते हुए दोनों दल यूपी में साथ चुनाव लड़ने पर राजी हो गए हैं। दोनों दलों के नेताओं ने संयुक्त रूप से गठबंधन की औपचारिक घोषणा की। तय हुआ है कि कांग्रेस यूपी में अमेठी, रायबरेली, वाराणसी, सहारनपुर सहित 17 सीट पर चुनाव लड़ेगी। बाकी 63 सीटों पर उम्मीदवार समाजवादी पार्टी तय करेगी। इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य किसी दल को सीट देने की जरूरत होगी तो वह समाजवादी पार्टी के कोटे से दी जाएगी। मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट पर सपा उम्मीदवार उतारेगी। अन्य सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार को सपा मदद करेगी। बुधवार को सपा और कांग्रेस की ओर से संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी ने गठबंधन की घोषणा की। दावा किया कि वे देश व संविधान बचाने के लिए एकमंच पर आए हैं। मिलकर भाजपा को रोकेंगे। अविनाश पांडेय ने कहा कि कई दौर की बातचीत के बाद सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन हुआ है। प्रदेश की 80 में कांग्रेस 17 सीट पर चुनाव लड़ेगी। अन्य सीट पर सपा लड़ेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि गठबंधन मजबूती से जीतेगा। हमारी रणनीति संयुक्त होगी। सपा के राजेंद्र चौधरी ने कहा कि यूपी से भारत को बचाने का संदेश जा रहा है। यूपी से ही 2024 में भाजपा सत्ता से जाएगी। भाजपा के अन्याय के शिकार लोगों को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का सपना साकार होगा।



### मप्र के खजुराहो सीट पर सपा लड़ेगी

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गठबंधन पर पूरे देश की निगाह लगी थी। जनता के मांग के मुताबिक सपा और कांग्रेस में गठबंधन हुआ है। मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट पर सपा उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। बाकी सीटों पर समाजवादी पार्टी कांग्रेस का समर्थन करेगी।

## कांग्रेस-आप के बीच गठबंधन से बढ़ेगी ताकत

आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की घोषणा बस होते- होते रह गई है। विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी 4-3 के फॉर्मूले पर सहमत थी लेकिन कांग्रेस दिल्ली में चार सीटों की मांग कर रही है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के सामने यही सवाल उठाया है कि आखिर किस आधार पर कांग्रेस दिल्ली में चार सीटें मांग रही है। दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस के पास कोई सीट नहीं है और नगर निगम चुनाव में भी कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। हालांकि कांग्रेस 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को आधार बना रही है। सूत्रों का कहना है कि अब गेंद कांग्रेस के पाले में है और जैसे ही कांग्रेस आलाकमान 4-3 के फॉर्मूले को मंजूरी देता है तो गठबंधन का ऐलान हो सकता है। उधर सूत्र यह भी बता रहे हैं कि आम आदमी पार्टी गुजरात में दो और हरियाणा में एक लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ सकती है और कांग्रेस ने इस बारे में सकारात्मक रूख दिखाया है। हालांकि चंडीगढ़ और गोवा में कांग्रेस द्वारा आम आदमी पार्टी को कोई सीट दी जानी मुश्किल है। यानी गठबंधन का ऐसा फॉर्मूला तैयार हो सकता है। दिल्ली में गठबंधन को लेकर वैसे दोनों पार्टियां ही गंभीर है और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत कांग्रेस के बड़े नेता भी यह स्वीकार कर चुके हैं। अब देखना होगा कि गठबंधन में कौन सा चुनावी समीकरण तय होगा। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने पंजाब में तो अलग- अलग लड़ने का मन बना लिया है। सूत्र बता रहे हैं कि मार्च में चुनावों की घोषणा होने वाली है और अब ज्यादा समय नहीं बचा है, ऐसे में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की घोषणा जल्द हो सकती है।बीते रविवार को कांग्रेस के एक सीनियर नेता के घर पर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच बातचीत हुई थी, जिसमें बताया जा रहा है कि 4-3 के ही फॉर्मूले पर बात हुई थी। वहीं बुधवार इंडिया गठबंधन के लिए अच्छी खबर आई जहां सपा-कांग्रेस के बीच गठबंधन और सीटों का ऐलान हो गया।

### छोटे दलों की बढ़ेगी मांग

इंडिया गठबंधन से जुड़े विभिन्न दलों के सवाल पर अविनाश पांडेय ने कहा कि 63 सीटें सपा के पास है। अभी सिर्फ कांग्रेस की सीट की घोषणा हुई है। उसे 17 सीटें मिली हैं। इंडिया गठबंधन में सभी दलों का स्वागत है। आजाद समाज पार्टी को सीट देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जिस भी दल को सीट देने की जरूरत होगी, उस पर सपा अध्यक्ष फैसला लेंगे। रायबरेली से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने के सवाल को वह टाल गए। कहा कि संसदीय बोर्ड की बैठक में तय किया जाएगा कि किस सीट पर कौन उम्मीदवार होगा।

## प्रदेश में इन 17 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस

रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, मथुरा, गाजियाबाद, सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया। सूत्रों का कहना है कि लखीमपुर खीरी और श्रावस्ती सीट भी कांग्रेस मांग रही है, लेकिन सपा ने इनकार कर दिया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने बताया कि कांग्रेस चुनाव कमेटी की बैठक में प्रत्याशियों के नाम तय किए जाएंगे। जल्द ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। दूसरी तरफ राजेंद्र चौधरी ने बताया कि वाराणसी सीट पर सपा ने पहले ही उम्मीदवार घोषित कर दिया है। अब गठबंधन के बाद सपा अपने उम्मीदवार का नाम वापस ले लेगी। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि उम्मीद है कि 24 को मुरादाबाद से शुरू होने वाली दूसरे चरण की यात्रा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पहले सपा अध्यक्ष ने अमेठी- रायबरेली में यात्रा में शामिल होने की सहमति दी थी। किसी कारणवश वह शामिल नहीं हुए। दूसरे चरण की यात्रा के लिए उन्हें फिर से निमंत्रण दिया जा रहा है। उम्मीद है कि वह यात्रा में शामिल होंगे।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# सोशल मीडिया पैदा कर रहा अवसाद!

> जहां इतना बड़ा बाजार हो, सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म के एल्गो समर्थन में हों, दौर पैसे बनाने का हो, तो लोग रील्स क्यों न बनाएं और क्यों न देखें? लेकिन, इसकी वजह से सामाजिक स्तर पर जो नैतिक पतन हो रहा है, उसकी ओर अभी किसी का ध्यान नहीं। समाज को इस बारे में सोचना ही होगा। कहीं ऐसा न हो कि बहुत देर हो जाए। ये एक खतरनाक चलन है।

*सोशल मीडिया आजकल जन-जन की जरूरत हो गई है। कुछ साल पहले ट्रेन-बस के चलते ही यात्री अखबार खोल लेते, पत्रिकाओं के पन्ने पलटने लगते। कोई-कोई किताब लेकर बैठ जाता। बच्चों के हाथों में कॉमिक्स दिखने लगतीं। लेकिन, सोशल मीडिया का दौर शुरू होने के बाद यह सीन बदल गया। अब हाथों में बस एक चीज दिखती है, मोबाइल। सिर स्क्रीन पर झुका रहता है और अंगुलियां चलती रहती हैं। जमाना विडियो का है और उसमें भी रील्स का। जहां इतना बड़ा बाजार हो, सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म के एल्गो समर्थन में हों, दौर पैसे बनाने का हो, तो लोग रील्स क्यों न बनाएं और क्यों न देखें? लेकिन, इसकी वजह से सामाजिक स्तर पर जो नैतिक पतन हो रहा है, उसकी ओर अभी किसी का ध्यान नहीं। समाज को इस बारे में सोचना ही होगा। कहीं ऐसा न हो कि बहुत देर हो जाए। ये एक खतरनाक चलन है।*

*इससे बच्चे अपराध व अवसाद की ओर बढ़ रहे हैं इनसे बचने का ये ही तरीका है कि इन सोशन मीडिया के साधनों से बच्चों को बवाया जाए। रील्स मतलब 30 से 45 सेकंड के विडियो। इनमें संगीत, संवाद, तस्वीर ङ्क सभी की गुंजाइश है। रील्स की सबसे प्रमुख खासियत है गति। कई बार फोटो या तस्वीरों में भी गति लाकर रील्स बना दी जाती हैं। विजुअल मीडिया होने की वजह से रील्स की पहुंच और ताकत शब्दों की तुलना में कहीं ज्यादा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंस्टाग्राम पर दूसरे विडियो की तुलना में रील्स की पहुंच दोगुनी से ज्यादा होती है। रील्स की औसतन पहुंच दर 30.81 प्रतिशत है, जबकि एक से अधिक फोटो या विडियो वाली सोशल मीडिया पोस्ट की पहुंच दर महज 14.45 और 13.14 फीसदी। हाल के दिनों में सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स ने अपना जो एल्गोरिद्म विकसित किया है, उसमें सामान्य फोटो या लेखन की पहुंच लगातार सीमित हुई है, जबकि रील्स की रीच बढ़ी है। इससे पैसे भी कमाए जा सकते हैं। इसीलिए तमाम युवा रील्स बनाने में ऊर्जा खर्च कर रहे हैं। चूंकि महिला के शरीर और सीमित नंगापन को प्रदर्शित करके लोगों को आकर्षित करने की फिल्मी परिपाटी अपने यहां रही है, तो यही फॉर्मूला रील्स में भी आजमाया जा रहा। रील्स एक पल में देखने वाले को मोहित कर देती है। इसका असर हावी होने लगता है। इसी वजह से राजनीतिक दल भी इसका सहारा लेने लगे हैं। हालांकि चुनौतियां भी हैं। मध्य प्रदेश पुलिस के महानिदेशक रहे ऋषि मिश्र ने कुछ साल पहले कहा था कि पुलिस के लिए ऐसे संदेशों के दुष्प्रभावों को रोक पाना बड़ी चुनौती है। स्टैटिका की रिपोर्ट के मुताबिक, रील्स की पहुंच उन अकाउंट्स की तुलना में कहीं ज्यादा है, जिनके फॉलोअर्स कम हैं। फिर जब इसके साथ सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म से होने वाली कमाई जुड़ जाती है, तो रील्स का असर और बढ़ जाता है।*

**(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)**

# एक दिलकश आवाज का यूं खामोश होना


जाहिद खान

आखिरकार, वह आवाज खामोश हो गई, जो लाखों लोगों के दिलों पर राज करती थी। जिस आवाज से जुड़कर, मुल्क का आम आदमी भी एक अपनापन महसूस करता था। कुछ वक्त के लिए ही सही, वह अपना गम-ओ-रंज भूल जाता था। अब ये आवाज उन्हें कभी सुनाई नहीं देगी। आजादी के बाद जिन लोगों ने रेडियो को आम आदमी तक पहुंचाया, उसकी लोकप्रियता बढ़ाई, उनमें अव्वल नंबर पर अमीन सायानी का नाम था। जो अब दुनिया को सदा के लिए अलविदा कह गये। वह कुछ सालों से सेहत की परेशानियों से गुजर रहे थे। एक दौर था, जब अमीन सायानी रेडियो की आवाज थे। उसकी पहचान थे। यूं कहें कि रेडियो की आवाज के मायने अमीन सायानी थे। हफ्ते में एक बार बुधवार के दिन पूरी फैमिली साथ बैठती। रेडियो पर जैसे ही उनका सुपर हिट प्रोग्राम 'बिनाका गीतमाला' शुरू होता, तो वक्त जैसे थम जाता।

ऐसी मकबूलियत बहुत कम रेडियो प्रोग्राम और एनाउंसर को हासिल हुई है। अमीन सायानी के बड़े भाई हामिद सायानी रेडियो सीलोन में प्रोड्यूसर थे। उन्होंने ही अमीन सायानी का रिश्ता रेडियो से जोड़ा। हामिद सायानी के मशविरे पर अमीन सायानी ने ऑल इंडिया रेडियो में हिंदी ब्रॉडकास्टर के लिए आवेदन किया। अब इस बात पर शायद ही कोई यकीन करे कि उनकी आवाज रेडियो के लिए रिजेक्ट कर दी गई थी। इस घटना के बाद अमीन सायानी थोड़ा निराश हो गए। अपने गाइड और उस्ताद हामिद सायानी के पास पहुंचे, तो उन्होंने अमीन से रिकॉर्डिंग के दौरान रेडियो स्टेशन के हिंदी कार्यक्रम सुनने को कहा। अमीन सायानी ने ब्रॉडकास्टिंग का फ़न सीखने और उसे फॉलो करने में जी-जान लगा दिया। बीसवीं सदी के पांचवें दशक में रेडियो सीलोन पर हामिद सायानी की पेशकश में अंग्रेजी गीतों का एक प्रोग्राम बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर रहा था। इस कामयाबी से मुतास्सिर होकर एड कंपनी ऐसा ही एक प्रोग्राम हिंदी फिल्मी गीतों का भी करना चाहती थी। अपनी यह चाहत उन्होंने हामिद सायानी को बयान की। हामिद सायानी ने यह प्रोग्राम खुद न करते हुए अमीन सायानी को इसके लिए राजी कर लिया।

इस तरह रेडियो पर एक शानदार प्रोग्राम के सफर का आगाज हुआ जिसका नाम 'बिनाका गीतमाला' था। आज से सात दहाई पहले यानी 3 दिसंबर, 1952 को सात गानों की सीरीज का पहला प्रोग्राम रिले किया गया जिसे खूब पसंद किया गया। पहले ही प्रोग्राम से इसे जो कामयाबी मिली, फिर अमीन सायानी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे रातों-रात आवाज की दुनिया में स्टार बन गए। रेडियो सीलोन में पहले प्रोग्राम के बाद, 'बिनाका गीतमाला' की तारीफ में श्रोताओं के तकरीबन नौ हजार खत पहुंचे।

एक दौर ऐसा भी आया, जब हर हफ्ते खत की तादाद पचास हजार तक पहुंच गई। रेडियो और आवाज की दुनिया में पहले किसी प्रोग्राम को इतनी बड़ी कामयाबी नहीं मिली थी। रेडियो सीलोन और फिर उसके बाद आकाशवाणी के विविध भारती पर प्रसारित 'बिनाका गीतमाला' की चालीस बरस से भी ज्यादा समय तक, देश में ही नहीं दुनिया के कई देशों में धूम रही। दुनिया में कोई दूसरा रेडियो या टीवी प्रोग्राम इतने लंबे वक्त और एक साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका और खाड़ी के मुल्कों में मकबूल नहीं रहा। इस प्रोग्राम के चाहने वाले दक्षिण एशिया, मध्यपूर्व, पूर्वी एशिया और यूरोप के कुछ मुल्कों में भी थे। आज भी रिसर्च का विषय है कि इस कामयाबी के पीछे हिंदी फिल्मी नगमों का जादू था या अमीन सायानी की चहकती आवाज, या फिर प्रोग्राम को पेश करने का उनका दिलकश अंदाज। 'बिनाका गीतमाला' के अलावा अमीन सायानी ने रेडियो पर जो भी प्रोग्राम पेश किए, सभी कामयाब रहे। अमीन सायानी का नाम ही इन प्रोग्राम की कामयाबी की जमानत होता था। 'एस कुमार्स का फिल्मी मुकदमा', 'फिल्मी मुलाकात', 'सैरिडॉन के साथी', 'मराठा दरबार', 'संगीत के सितारों की महफिल' वगैरह ऐसे कई प्रोग्राम हैं, जो अमीन सायानी की दिलकश आवाज और दिलचस्प पेशकश से श्रोताओं के जेहन में आज भी जिंदा हैं।



अमीन सायानी ने अपने रेडियो कैरियर के दौरान फिल्मी दुनिया के टॉप कलाकारों, गायकों, संगीतकारों और गीतकारों के इंटरव्यू लिए। पचास हजार से ज्यादा रेडियो प्रोग्रामों के लिए काम किया और पन्द्रह हजार से भी अधिक विज्ञापनों में अपनी आवाज दी जो एक रिकॉर्ड है। अमीन सायानी की मकबूलियत का सबब उनकी गोल्डन वॉयस और जबान पर मजबूत पकड़ थी।

# शरीर के भीतर बुढ़ापारोधी 'अमृत' की तलाश



मुकुल व्यास

बुढ़ापे की प्रक्रिया पर अंकुश लगाने के लिए दुनिया में पिछले काफी समय से रिसर्च चल रही है। वैज्ञानिक आयु बढ़ने की प्रक्रिया को पलटने की कोशिश कर रहे हैं और इस दिशा में उन्हें कुछ सफलता भी मिल रही है। आयु-वृद्धि एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और इसे पूरी तरह से पलट देना या रोक पाना असंभव है। फिर भी आयु-वृद्धि का विज्ञान शोध का एक दिलचस्प क्षेत्र है। अब एक नई खोज से पता चलता है कि बुढ़ापा रोधी चमत्कारी 'अमृत' हमारे शरीर के अंदर भी हो सकता है। अमेरिका की कोल्ड स्प्रिंग हार्बर लेबोरेटरी (सीएसएचएल) की सहायक प्रोफेसर कोरिना अमोर वेगास और उनके सहयोगियों ने पता लगाया है कि टी कोशिकाओं को आयु-वृद्धि से लड़ने के लिए संशोधित किया जा सकता है। टी कोशिकाएं एक तरह की श्वेत कोशिकाएं होती हैं।

वेगास की टीम का कहना है कि आनुवंशिक संशोधनों के सही सेट से टी कोशिकाओं की रिप्रोग्रामिंग करके उन्हें कोशिकाओं के दूसरे समूह पर हमला करने के लिए तैयार किया जा सकता है जो हमारे शरीर में बीमारियां उत्पन्न करती हैं। इन्हें सेन्सेंट कोशिकाएं कहा जाता है। सेन्सेंट कोशिकाएं दरअसल वृद्ध कोशिकाएं होती हैं जो आयु वृद्धि के साथ अपनी प्रतिकृति बनाना बंद कर देती हैं। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, वे हमारे शरीर में जमा होने लगती हैं, जिसके परिणामस्वरूप हानिकारक सूजन हो जाती है। इस समय कई दवाएं मौजूद हैं जो इन कोशिकाओं को खत्म कर सकती हैं। इनमें से कई दवाओं को बार-बार लेना पड़ता है। एमोर वेगास और उनके सहयोगियों ने दवाओं के रूप में एक 'जीवित दवा', सीएआर (काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर) टी कोशिकाओं की ओर रुख किया। उन्होंने पाया कि चूहों में वृद्ध कोशिकाओं को खत्म करने के लिए सीएआर टी कोशिकाओं में हेरफेर किया जा सकता है। परिणामस्वरूप, चूहे अधिक स्वस्थ जीवन जीने लगे। उनके शरीर का वजन कम हुआ। उनके शरीर में मेटाबॉलिज्म (चयापचय) और ग्लूकोज सहनशीलता में सुधार हुआ तथा शारीरिक गतिविधि में वृद्धि हुई।

ये सभी लाभ उत्तकों की क्षति या विषाक्तता के बगैर आए। एमोर वेगास ने बताया कि वृद्ध चूहों को सी एआर टी कोशिकाएं देने पर उनका कायाकल्प हो जाता है। युवा चूहों को इन कोशिकाओं की खुराक देने पर उनकी आयु वृद्धि की प्रक्रिया धीमी हो जाती है। फिलहाल कोई अन्य थेरैपी ऐसा नहीं कर सकती। शायद सीएआर टी कोशिकाओं की सबसे बड़ी शक्ति उनकी दीर्घायु है। वेगास की टीम ने पाया कि कम उम्र में सिर्फ एक खुराक देने से जीवन भर उसका असर हो सकता है। यह एकल उपचार उन दशाओं से रक्षा कर सकता है जो आमतौर पर जीवन में बाद में प्रकट होती हैं। इनमें मोटापा और डायबिटीज शामिल हैं। एमोर वेगास के अनुसार टी कोशिकाओं में याददाश्त विकसित करने और शरीर में लंबे समय तक बने रहने की क्षमता होती है, जो एक रासायनिक दवा से बहुत अलग है। सीएआर टी कोशिकाओं की थेरेपी पुरानी और दीर्घकालिक बीमारियों के उपचार में बहुत उपयोगी हो सकती है। इन कोशिकाओं के लाभ पहली बार सामने नहीं आए हैं।

उल्लेखनीय है कि विभिन्न प्रकार के रक्त कैंसर के इलाज के लिए सीएआर टी कोशिकाओं का उपयोग किया गया है। इस उद्देश्य के लिए 2017 में अमेरिका के एफडीए की मंजूरी मिल चुकी है। लेकिन एमोर वेगास उन पहली वैज्ञानिकों में से एक हैं जिन्होंने यह दिखाया कि सीएआर टी कोशिकाओं की चिकित्सा क्षमता कैंसर से भी आगे तक जाती है। अमोर वेगास की प्रयोगशाला अब यह जांच कर रही है कि क्या सीएआर टी कोशिकाएं चूहों को सचमुच लंबे समय तक स्वस्थ और जीवित रहने देती हैं। यदि ऐसा है, तो हम चिर यौवन के बहुप्रतीक्षित स्रोत के और करीब पहुंच जाएंगे। इस बीच, शोधकर्ताओं के अन्य दल ने पता लगाया है कि वसा के उप उत्पादों (बायप्रॉडक्ट) में कमी करने से वृद्धावस्था में स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। फैटी एसिड आणविक निर्माण इकाइयों में से एक हैं जो वसा बनाते हैं। यद्यपि विभिन्न शारीरिक कार्यों के लिए फैटी एसिड आवश्यक है, शरीर में उनकी अत्यधिक मात्रा हानिकारक हो सकती है, जो किसी व्यक्ति के दीर्घकालिक रोग के जोखिम को बढ़ाकर, चयापचय प्रक्रियाओं को बाधित करने और सूजन को बढ़ावा देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य की अवधि और जीवन काल को छोटा कर सकती है।

मेडिकल टेस्टों के दौरान फैटी एसिड की नियमित जांच की जाती है, जिनमें आपके लिपिड प्रोफाइल को मापने वाले रक्त परीक्षण शामिल हैं। लेकिन चिकित्सक और शोधकर्ता अक्सर वसा के अन्य प्रमुख घटक ग्लिसरॉल को संभावित हानिकारक प्रभावों के बावजूद नजरअंदाज कर देते हैं। ग्लिसरॉल एक यौगिक है जो फैटी एसिड को वसा के मॉलिक्यूल बनाने के लिए जोड़ता है। ये वसा उपोत्पाद कोशिकाओं और अंगों के कार्यों को बाधित करके उम्र बढ़ने के प्रभावों को दर्शाते हैं। वास्तव में शोधकर्ता मोटापे को तेजी से उम्र बढ़ने के उत्प्रेरक के रूप में देख रहे हैं। वसा आपकी कोशिकाओं में आवश्यक कार्य करती है, लेकिन सभी तरह की वसा आपके लिए अच्छी नहीं होती। शोधकर्ताओं का कहना है कि हानिकारक वसा उपोत्पादों को कम करने से उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने में मदद मिल सकती है और परिणामस्वरूप आम बीमारियों से बचा जा सकता है।



## पेरिस, फ्रांस

फिल्मों में पेरिस के एफिल टावर के सामने प्यार का इजहार करते देखा होगा। पुरानी फिल्मों से लेकर आज के दशक की कई फिल्मों में पेरिस के खूबसूरत नजारे कपल के बीच के रोमांस को दर्शाते हैं। ज्यादातर भारतीय कपल पेरिस के रोमांटिक नजारे जरूर देखना चाहते हैं। शाम के समय यहां कपल शहर की खूबसूरत जगमगाहट का लुत्फ उठा सकते हैं।

## फ्लोरेंस, इटली

पेरिस के अलावा किसी खूबसूरत और रोमांटिक जगह की तलाश में हैं तो फ्लोरेंस शहर जा सकते हैं। इटली के फ्लोरेंस शहर की खूबसूरती कपल को रोमांटिक माहौल देगी। कपल को फ्लोरेंस की संकरी गलियों में घूमकर प्यार हो जाएगा। फ्लोरेंस पुनर्जागरण कला और वास्तुकला की कई उत्कृष्ट कृतियों का घर है, जिसमें प्रतिष्ठित डुओमो, एक टेराकोटा-टाइल वाला गुंबद जिसे अनदेखा करना असंभव है, और गैलेरिया डेल एकेडेमिया, जो माइकल एंजेलो की डेविड मूर्तिकला को प्रदर्शित करता है।

# कपल दुनिया की इन रोमांटिक जगहों की जरूर करें सैर

इस प्यार के महीने में कपल एक दूसरे के साथ वक्त बिताना चाहते हैं। ऐसे में घूमने के लिए किसी हिल स्टेशन या किसी रोमांटिक पर्यटन स्थल पर जाना पसंद करते हैं। भारत में कई ऐसी जगहें हैं, जहां कपल एक दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं। कुछ जगहें प्यार के इजहार के लिए परफेक्ट होती हैं। अगर आप अपने दिल की बात किसी खूबसूरत और रोमांटिक जगह पर करेंगे तो वह झट से मान जाएंगे। अपने क्रश से मोहब्बत का इजहार करने का मौका तलाश रहे हैं तो दुनिया की सबसे रोमांटिक जगहों पर जा सकते हैं। यहां जब आप पार्टनर को दिल का हाल बताएंगे तो वह आपकी मुहब्बत को तुरंत कबूल कर लेंगे।

## लक्षद्वीप

लक्षद्वीप पर्यटन स्थल भारत का एक बेहद ही खूबसूरत केंद्र शासित प्रदेश हैं। भारत की मुख्य भूमि से लगभग 300 किलोमीटर की दूरी पर अरब सागर में स्थित है। लक्षद्वीप भारत का सबसे छोटा केंद्र शासित प्रदेश होने के साथ-साथ एक आकर्षित पर्यटन स्थल भी हैं, जिसे देखकर देशी और विदेशी पर्यटक यहां खिचे चले आते हैं। भारत का लक्षद्वीप भी कपल्स के बीच लोकप्रिय हो रहा है। लक्षद्वीप का नजारा किसी विदेशी पर्यटन स्थल से कम नहीं है। समुद्र किनारे पार्टनर के हाथों में हाथ डालकर वैलेंटाइन डे पर कुछ वक्त बिताना बेहद रोमांटिक हो सकता है। हनीमून के लिए जगह एकदम बेस्ट है।

## सेंटोरिनी, ग्रीस

ग्रीस का सेंटोरिनी शहर दुनिया की सबसे रोमांटिक जगहों में से एक है। चारों ओर से प्राकृतिक खूबसूरती से घिरा सेंटोरिनी कपल्स के पसंदीदा हनीमून डेस्टिनेशन में से है। यहां के नजारे आपका मन मुग्ध कर देंगे। रोमांस के लिए यह जगह परफेक्ट है। सेंटोरिनी द्वीप अपने मनमोहक सूर्यास्त दृश्यों और एक अच्छे कारण के लिए प्रसिद्ध है। द्वीप की चट्टान पर स्थित सफ़ेदी से पुती इमारतें, अपने नीले गुंबदों के साथ, सेंटोरिनी की पहचान हैं। काल्डेरा के दृश्यों का आनंद लेने के लिए सबसे अच्छी जगहें ओइया, इमेरोविगली और फ़िरा हैं, जहां कई छत पर रेस्तरां, कैफे और बार हैं जो मनोरम दृश्य पेश करते हैं।



## हंसना मना है



पप्पू अपनी पत्नी सेः अच्छा ये बताओ 'बिदाई' के समय तुम लड़कियां इतनी रोती क्यों हो? पत्नीः 'पागल' अगर तुझे पता चले.. अपने घर से दूर ले जाकर कोई तुमसे 'बर्तन मंजवाएगा' तो तू क्या नाचेगा।

सनः मॉम, पापा बहुत शरीफ है, मॉमः वो कैसे बेटा, सनः पापा जब भी किसी लड़की को देखते है, तो अपनी एक आंख बंद कर लेते है।

आदित्य अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया, लड़की का पिताः मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी, अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे। आदित्यः बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं। दे जूते.. दे चप्पल!

लड़की- मैं तुम्हारे लिए आग पर भी चल सकती हूं, नदी में कूद सकती हूं। लड़का- लव यू जानू, क्या तुम मुझसे अभी मिलने आ सकती हो, लड़की- पागल हो क्या इतनी धूप में कैसे आ सकती हूं...

मैडम- क्लास में जो बेवकूफ हो वो खड़ा हो जाए। पप्पू मसूमियत से खड़ा हो गया मैडम- क्या तुम बेवकूफ हो? पप्पू- नहीं मैडम आप अकेली खड़ी थीं इसलिए मुझे अच्छा नहीं लगा...

## कहानी | बंदर और खरगोश

एक जंगल में एक बंदर और एक खरगोश दोस्त रहते थे दोनों एक साथ खेलते और अपना सुख-दुख बांटते थे। एक दिन बंदर ने कहा, मित्र खरगोश, आज कोई नया खेल खेलते हैं। खरगोश ने पूछा, बताओ कौन-सा खेल खेलने का मन है तुम्हारा? बंदर बोला, आज हम दोनों को आंख-मिचोली खेलनी चाहिए। खरगोश बोला, ठीक है। दोनों यह खेल शुरू करने ही वाले थे कि तभी उन्होंने देखा कि जंगल के सारे पशु-पक्षी इधर-उधर भाग रहे हैं। बंदर ने भाग रही लोमड़ी से पूछा, क्यों सब भाग रहे हैं? लोमड़ी ने जवाब दिया, एक शिकारी जंगल में आया है, इसलिए हम सब अपनी जान बचाकर भाग रहे हैं। तुम भी जल्दी भागो वरना वह तुम्हें पकड़ लेगा। शिकारी की बात सुनते ही बंदर और खरगोश भी डर कर भागने लगे। भागते-भागते दोनों उस जंगल से काफी दूर निकल आए। तभी बंदर ने कहा, मित्र खरगोश, सुबह से हम भाग रहे हैं। अब शाम हो चुकी है। चलो, थोड़ा आराम कर लेते हैं। मैं थक गया हूं। खरगोश बोला, प्यास भी बहुत लगी है। बंदर ने कहा, प्यास तो मुझे भी लगी है। चलो, पानी ढूंढते हैं। दोनों साथ में पानी ढूंढने के लिए निकले। उन्हें पानी का एक मटका मिला। उसमें बहुत कम पानी था। अब खरगोश और बंदर दोनों के मन में हुआ कि अगर इस पानी को मैं पी लूंगा, तो मेरा दोस्त प्यासा ही रह जाएगा। खरगोश बोला, तुम पानी पी लो। मुझे ज़्यादा प्यास नहीं लगी है। तुमने उछल-कूद बहुत की है, इसलिए तुम्हें ज़्यादा प्यास लगी होगी। बंदर बोला, मित्र, मुझे प्यास नहीं लगी है। तुम पानी पी लो। दोनों इसी तरह बार-बार एक दूसरे को पानी पीने के लिए कह रहे थे। तभी पास से गुजर रहा हाथी रुका और उनकी बातें सुनने लगा। हंसते हुए हाथी ने पूछा, तुम दोनों पानी क्यों नहीं पी रहे हो? खरगोश ने कहा, देखो न हाथी भाई, मेरे दोस्त को प्यास लगी है, लेकिन वो पानी नहीं पी रहा है। बंदर बोला, नहीं-नहीं भाई, खरगोश झूठ बोल रहा है। मुझे प्यास नहीं लगी है। इसको प्यास लगी है, लेकिन यह मुझे पानी पिलाने की ज़िद कर रहा है। हाथी बोला, तुम दोनों की दोस्ती बहुत गहरी है। हर किसी के लिए यह एक मिसाल है। तुम दोनों ही इस पानी को क्यों नहीं पी लेते हो। इस पानी को आधा-आधा करके तुम दोनों पी सकते हो। खरगोश और बंदर दोनों को हाथी का सुझाव अच्छा लगा। उन्होंने आधा-आधा करके पानी पी लिया और फिर थकान मिटाने के लिए आराम करने लगे।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**: कम प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृषभ**: दुष्टजनों से सावधान रहें, हानि पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कहीं से बुरी खबर मिल सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मिथुन**: जल्दबाजी में कोई भी लेन-देन न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फालतू खर्च होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कर्क**: भाग्य का साथ मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। चिंता तथा तनाव में वृद्धि होगी।

**सिंह**: शत्रु शांत रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या**: संतान पक्ष से स्वास्थ्य तथा अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है।

**तुला**: थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक**: प्रेम-प्रसंग में हड़बड़ी न करें। विवाद हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। युवक व युवती विशेष सावधानी बरतें।

**धनु**: कानूनी बाधा संभव है। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धनहानि किसी भी तरह हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर**: कोई ऐसा कार्य न करें जिससे अपमान हो। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं।

**कुम्भ**: आंखों को रोग व चोट से बचाएं। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। मनोरंजक यात्रा की आयोजन हो सकता है। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**मीन**: आज भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। भागदौड़ रहेगी। जोखिम न लें। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है।

# मर्दों की पॉलिथीन बैग से तुलना करने पर ट्विंकल पर आग बबूला हुईं कंगना

कंगना रनौत अपनी अदाकारी के साथ-साथ अपने बेबाकी से दिए गए बयानों को लेकर भी जानी जाती हैं। कंगना अधिकतर नेपोटिज्म को लेकर सितारों पर निशाना साधती हुई नजर आती हैं। इस बार कंगना रनौत ने अक्षय कुमार की पत्नी और अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना को आड़े हाथ लिया है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ट्विंकल का एक वीडियो साझा कर उनपर निशाना साधा है। वीडियो में अभिनेत्री पुरुषों की तुलना पॉलीथीन बैग से करती हुई दिखाई दे रही हैं, जिसे लेकर कंगना ने उन्हें खरी-खोटी सुनाई है। कंगना रनौत ने ट्विंकल खन्ना को नेपो किड बताते हुए उनपर निसाना साधा है।



अभिनेत्री ने लिखा, ये विशेषाधिकार वाले लोग क्या हैं जो अपने मर्दों को पॉलिथीन बैग कहते हैं, क्या वे कूल बनने की कोशिश कर रहे हैं? चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए नेपो किड्स को सोने की थाली में फिल्मी करियर मिला, लेकिन निश्चित रूप से वे इसके साथ बिल्कुल न्याय नहीं कर सके।

अभिनेत्री ने आगे लिखा, कम से कम वे मातृत्व की निस्वार्थता में कुछ खुशी और पूर्णता पा सकते। वाकई में वे क्या करते हैं बनना चाहते हैं? सब्जियां? क्या ये फेमिनिज्म है? कंगना रणौत का ये बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले में फिलहाल ट्विंकल की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ट्विंकल खन्ना का ये वीडियो एक पुराने इंटरव्यू का बताया जा रहा है।



अक्षय कुमार की पत्नी अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना अब फिल्मों की दुनिया में सक्रिय नहीं हैं। वे बतौर लेखक खुद को स्थापित कर चुकी हैं। वह कई किताबें भी लिख चुकी हैं। पिछले साल नवंबर में ट्विंकल ने अपनी नई किताब वेलकम टू पैराडाइज लॉन्च की थी।

# फिर कानूनी शिकंजे में फंसीं अमीषा पटेल



## रांची की अदालत में 27 को पेश होने का आदेश

बॉलीवुड | गपशप

पैसे लेकर फिल्म न करने, धोखाधड़ी और चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में रांची की सिविल कोर्ट ने अभिनेत्री अमीषा पटेल और उनकी कंपनी के बिजनेस पार्टनर कुणाल ग्रूमर को 27 फरवरी को सशरीर उपस्थित होकर बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया है। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट डीएन शुक्ला की कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 313 के तहत दोनों आरोपियों का बयान दर्ज किया जाएगा।

यह मामला वर्ष 2018 का है। रांची के फिल्म निर्माता अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया है कि म्यूजिक मेकिंग के नाम पर अमीषा पटेल ने उनसे ढाई करोड़ रुपये लिए थे। पैसे लेने के बाद भी उन्होंने म्यूजिक मेकिंग की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। इसके साथ ही अमीषा पटेल पर फिल्म 'देसी मैजिक' बनाने के नाम पर अजय सिंह से ढाई करोड़ रुपए ऐंठने का भी आरोप लगाया गया है।

## 19 जून को सिविल कोर्ट में किया था सरेंडर

दोनों के बीच जो कांट्रैक्ट हुआ था, उसके अनुसार जब फिल्म जून 2018 में रिलीज नहीं हुई तो अजय ने अमीषा से पैसे की मांग की। काफी टालमटोल के बाद अक्टूबर 2018 में ढाई करोड़ एवं 50 लाख रुपए के दो चेक दिए, जो बाउंस हो गए। इस मामले में अमीषा पटेल को उपस्थिति के लिए कई बार समन जारी हुआ था, इसके बावजूद वह अदालत में खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं हो रही थीं। वारंट जारी होने के बाद बीते साल 19 जून को उन्होंने सिविल कोर्ट में सरेंडर किया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें 10 हजार के दो बेल बांड पर जमानत दे दी थी।


बॉलीवुड | मन की बात

# टीवी स्टार्स को काम देने से कतराते हैं फिल्म मेकर्स : खंडेलवाल



राजीव खंडेलवाल ने वर्ष 2008 में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। उनकी डेब्यू फिल्म आमिर है, जिसका निर्देशन राज कुमार गुप्ता ने किया है। अभिनेता इन दिनों करण जौहर निर्देशित सीरीज में अभिनय करते नजर आएंगे, जिसका टाइटल शोटाइम है। हाल ही में, सीरीज शोटाइम का ट्रेलर लॉन्च किया गया, जिसे दर्शकों से सरहाना मिली। सीरीज में राजीव खंडेलवाल, अरमान की भूमिका निभाते नजर आएंगे। हाल ही में, एक बातचीत के दौरान राजीव ने अपनी डेब्यू फिल्म के बारे में बात की। उन्होंने खुलासा किया कि टीवी पर लोकप्रिय होने के बाद भी उन्हें निर्माता फिल्म में काम देने के लिए तैयार नहीं थे। राजीव खंडेलवाल ने बताया, जब मैं अपनी पहली फिल्म आमिर कर रहा था, तो अनुराग कश्यप ने कई निर्माताओं से मेरे लिए बात की थी। हालांकि, उन्होंने मुझे यह बाद में बताया कि वे मेरे लिए निर्माताओं से बात कर रहे हैं। उस समय मेरा किरदार टीवी पर बहुत लोकप्रिय था। अनुराग कश्यप ने बताया, मैं हर जगह गया और मैंने कहा कि मेरे यहां राजीव खंडेलवाल हैं, जो टीवी पर बहुत लोकप्रिय हैं। सभी निर्माताओं का कहना था कि हम लोकप्रिय नहीं चाहते, भले ही वे टीवी अभिनेता क्यों न हो, क्योंकि यह शायद हमारे लिए यह ठीक नहीं है। अभिनेता ने आगे कहा, अनुराग कश्यप को मुझ पर बहुत विश्वास था। फिर उनकी मुलाकात विकास बहल से हुई। मुझे बाद में बताया गया कि विकास ने अनुराग से पूछा, तुम राजीव को क्यों चाहते हो? क्या इसलिए कि बजट कम है? उन्हें लगा कि बजट कम है इसलिए वे किसी टीवी एक्टर को कास्ट कर रहे हैं। अनुराग ने कहा ऐसा नहीं है, राजीव अच्छे व्यक्ति हैं। हमें विश्वास है कि राजीव अपने काम को बखूबी कर सकते हैं। डिज्नी प्लस हॉटस्टार की नई सीरीज शो टाइम में सिनेमा की दुनिया के अनदेखे और कैमरे पर बोले जाने वाले झूठ का सच दिखाया जाएगा। इसमें बॉलीवुड इंडस्ट्री की एक छोटी सी झलक है, जो नेपोटिज्म और इंडस्ट्री में सत्ता संघर्ष की कहानी पर आधारित है। इस शो का निर्माण करण जौहर ने किया है।

# मैनहोल का ढक्कन गोल क्यों होता है, चौकोर या त्रिकोण क्यों नहीं?



मैनहोल के ढक्कन गोल क्यों होते हैं, चौकोर या त्रिकोण क्यों नहीं होते? अगर आपको नहीं पता, तो चलिए आपको बताते हैं, पर उससे पहले ये जान लीजिए कि ये आकार बड़े ही काम के होते हैं। जैसा हमने कहा कि मैनहोल, ड्रेन, सीवर आदि के ओपनिंग होते हैं, जिसमें से अंदर जाकर इंजीनियर या अन्य सफाई कर्मी सीवर की जांच करते हैं और फिर उसकी सफाई या सुधार की प्रक्रिया को भी पूरा करते हैं। इसका सीधा और सरल जवाब ये है कि ढक्कन गोल इसलिए होते हैं, क्योंकि मैनहोल ही गोल बनाए जाते हैं। पर फिर ये सवाल भी पैदा होता है कि मैनहोल को गोल ही क्यों बनाते हैं। कैलिफोर्निया के सैन जॉस स्टेट यूनिवर्सिटी डिजाइन डिपार्टमेंट में असोशिएट प्रोफेसर जॉश नेलसन ने कहा कि मैनहोल को गोल बनाने के पीछे व्यावहारिक, कार्यात्मक, इंजीनियरिंग और आर्थिक निर्णय जैसे कई कारक जिम्मेदार हैं। इन्हीं की वजह से मैनहोल कवर को राउंड बनाया जाता है। लाइव साइंस ने एटलस ऑब्सक्योरा वेबसाइट के हवाले से बताया कि 19वीं सदी में शहरों में अंडरग्राउंड सीवेज सिस्टम को बनाया जाना शुरू किया गया था। उस दौर के इंजीनियरों को समझ आया कि उन्हें बार-बार अंदर जाकर सीवेज सिस्टम की जांच करनी पड़ेगी। तब शहरों में गड्ढे खुदना शुरू हुए, जिससे अंदर जाया जा सके। ये काम उस वक्त मर्द यानी मैन ही किया करते थे, इस वजह से इन गड्ढों को मैनहोल कहा जाने लगा। आसानी से अंदर घुसा जा सके, इस वजह से गड्ढों को गोल बनाया गया। गोल गड्ढों में ना ही कोई दरार होती थी, ना ही कोई अवरोध। इंसान आराम से अंदर जा या बाहर आ सकता था। इसके कई और कारण होते हैं। मैनहोल को कई ऐसे उपकरड़ों से बनाया जाता रहा है, जो गोल होते हैं। इस वजह से गड्ढा भी गोल बन जाता है। इस लिहाज से मैनहोल को गोल बनाना आर्थिक तौर पर ज्यादा फायदेमंद था। अब जो चीज गोल होगी, उसका ढक्कन भी गोल ही बनाया जाएगा। दूसरा और सबसे पॉपुलर जवाब ये है कि अगर गोल मैनहोल कवर को अगर रोटेट किया जाए, तो वो गड्ढे के अंदर नहीं गिरेगा, बल्कि चौकोर को अगर रोटेट किया जाए, तो वो डायगल तरीके से अपने ही छेद के अंदर जा सकता है। लाइव साइंस के मुताबिक एक कारण ये भी हो सकता है कि अगर गोल ढक्कनों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाना पड़े, तो वो काफी मुश्किल होते हैं क्योंकि ये ढक्कन लोहे के बने होते हैं और बेहद भारी होते हैं। ऐसे में गोल ढक्कन को चक्के की तरह रोड पर घुमाते हुए एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है।

अजब-गजब | आखिर कैसे बना ये शब्द? शायद ही किसी को पता होगा जवाब

# हिट फिल्मों को क्यों कहते हैं ब्लॉकबस्टर

'शोले' से लेकर 'पठान' तक, 'आराधना' से लेकर 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' तक, भारत में कई ऐसी फिल्में बनी हैं जो इतनी बड़ी हिट हुई कि उन्हें ब्लॉकबस्टर फिल्मों की श्रेणी में रखा जाता है। इन फिल्मों ने ऑडियंस का खूब मनोरंजन किया, इनकी वजह से समाज में एक ट्रेंड शुरू हो गया और इन्होंने पैसे भी खूब कमाए। पर फिल्मों से इतर, क्या कभी आपने सोचा है कि आखिर फिल्मों को 'ब्लॉकबस्टर' क्यों कहते हैं, ये शब्द आखिर बना कैसे? हमारा दावा है कि शायद ही किसी को इसका जवाब पता होगा। अगर आपको मालूम है, तब तो आप पक्का फिल्मों के बहुत शौकीन हैं, लेकिन अगर नहीं, तो आज हम आपको बताने जा रहे हैं।



एक रिपोर्ट के अनुसार आज के वक्त में 'ब्लॉकबस्टर'शब्द भले ही फिल्मों से जुड़ा हो, पर पुराने जमाने में, ये शब्द जंग से जुड़ा था। इस शब्द के तार 1940 के दौर से जुड़े हैं, जब दूसरा विश्वयुद्ध जारी था। टाइम मैग्जीन के 29 नवंबर 1942 के एक आर्टिकल में ये शब्द सबसे पहले लोगों के सामने आया था। ये लेख अलाइड फोर्स द्वारा इटली के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों पर किए गए हमलों के बारे में था।

इस मिशन के लिए जिस बम का प्रयोग किया जा रहा था, उसे 'ब्लॉकबस्टर' कहा जाने लगा। ऐसा इसलिए क्योंकि ये बम इतने ज्यादा शक्तिशाली थे एक शहर के ब्लॉक, यानी हिस्से को उड़ा देने के काबिल थे। ब्रिटिश द्वारा बमों को बराबर गिराया जाने लगा और बमों का ये निक-नेम प्रचलित होता चला गया। बस तभी से ये नाम अमेरिका में फैल गया और इसे किसी भी तरह के शॉकिंग और धमाकेदार चीज या घटना के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा। टाइम पत्रिका में भी ये बदलाव दिखने लगा था, क्योंकि मैग्जीन, शॉकिंग खबरों को ब्लॉकबस्टर की तरह ही संबोधित करती थी। टाइम मैग्जीन ने सबसे पहले 9 मई 1943 को ब्लॉकबस्टर शब्द किसी बम के लिए नहीं, बल्कि फिल्म के लिए किया। ये शब्द, उस फिल्म की कमाई, या बॉक्स-ऑफिस के रिव्यू पर नहीं, बल्कि फिल्म की कहानी को लेकर इस्तेमाल किया गया था। ये फिल्म थी 'मिशन टू मॉस्को', जो जोसफ डेविस नाम के एक व्यक्ति की किताब पर आधारित थी, जो 1936 से 1938 तक सोवियत संघ में अमेरिका के उच्चायुक्त के तौर पर तैनात थे। कुछ ही वक्त में अलग-अलग पत्र-पत्रिकाओं ने इस शब्द को अपने लेखों में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था।

# महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर कांग्रेस व यूबीटी में चर्चा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीट शेयरिंग पर लगातार फैसले ले रही है। इसके बीच अब महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से आठ पर जारी गतिरोध पर चर्चा करने के लिए उद्धव ठाकरे को फोन किया। इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे राहुल गांधी ने कथित तौर पर शिवसेना के (यूबीटी) नेता से 1 घंटे तक बातचीत की थी।

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस मुंबई की छह लोकसभा सीटों में से तीन- मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई उत्तर मध्य और मुंबई उत्तर पश्चिम पर चुनाव लड़ना चाहती है. वहीं कथित तौर पर उद्धव ठाकरे राज्य में 18 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं, जिनमें मुंबई की चार सीटें - मुंबई साउथ, मुंबई नॉर्थ वेस्ट, मुंबई नॉर्थ ईस्ट और मुंबई साउथ सेंट्रल शामिल हैं। महाविकास अघाड़ी के तहत उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की राकांपा और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव के लिए सीटों का गठबंधन पूरी तरह नया है. दरअसल, महाविकास अघाड़ी के तहत इन्होंने लोकसभा चुनावों के बाद वैचारिक रूप से बेमेल गठबंधन बनाया था, हालांकि तीनों एक समझौते के तहत 40 सीटों पर राजी दिख रहे हैं, लेकिन 8 सीटों पर बात अटकी हुई है। बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में अविभाजित शिवसेना ने 48 में से 22 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 18 पर जीत हासिल की थी, जिसमें मुंबई की तीन सीटें शामिल थीं।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उद्धव से की बात

## उद्धव की शिवसेना ने बीजेपी के साथ तोड़ा था 25 साल पुराना गठबंधन

महाराष्ट्र राज्य चुनावों के बाद सत्ता शेयरिंग की शर्तों से असहमत उद्धव ठाकरे की पार्टी ने कुछ ही महीनों के बाद बीजेपी के साथ अपना 25 साल पुराना गठबंधन खत्म कर लिया था। शिवसेना के विभाजन के बाद महाविकास अघाड़ी सरकार गिर गई और एकनाथ शिंदे के गुट ने भाजपा के साथ नई सरकार बनाई।

# मंदिरों पर टैक्स सीएम व डिप्टी सीएम के खातों में जाएगा: चंद्रशेखर

» सिद्धारमैया सरकार पर बीजेपी का वार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बेंगलुरू। विवादास्पद कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024 पारित करने के बाद केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सबसे पुरानी पार्टी के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार पर निशाना साधा है। चन्द्रशेखर ने कहा कि यह विधेयक तुष्टिकरण की राजनीति का नया स्तर है और इसे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार के खातों में धन पहुंचाने के लिए लाया गया है। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि राहुल गांधी देश में भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं।

कर्नाटक में उनकी कांग्रेस पार्टी सरकार डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के एटीएम को फंड करने के लिए विधानसभा में कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक, 2024 लेकर आई है। यह तुष्टिकरण की राजनीति का नया निचला स्तर है। हम इस बिल का विरोध करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधेयक की आलोचना की और ऐसी नीतियों को लागू करने के लिए राज्य सरकार पर हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाया।



## भ्रष्ट, अयोग्य सरकार धर्मनिरपेक्षता की आड़ में हिंदू विरोधी विचारधारा थोप रही : विजयेंद्र येदियुरप्पा

पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख विजयेंद्र येदियुरप्पा ने आरोप लगाया कि सरकार ने अपने खाली खजाने को भरने के लिए विधेयक पारित किया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट, अयोग्य सरकार ने धर्मनिरपेक्षता की आड़ में हिंदू विरोधी विचारधारा के साथ, मंदिर के राजस्व पर अपनी बुरी नजर डाली है। हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती संशोधन अधिनियम के माध्यम से, यह अपने खाली खजाने को भरने के लिए हिंदू मंदिरों और धार्मिक संस्थानों से दान के साथ-साथ प्रसाद को भी हड़पने की कोशिश कर रहा है।

# दोषियों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी: मान

» दिवंगत किसान के परिजनों को पंजाब सरकार देगी एक करोड़

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घोषणा की है कि खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान मारे गए शुभकरन सिंह के परिवार को पंजाब सरकार द्वारा एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही मान ने उनकी छोटी बहन को सरकारी नौकरी देने का भी एलान किया है। उन्होंने एक्स पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि दोषियों के खिलाफ भी उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए शुभकरन सिंह के परिवार को पंजाब सरकार की ओर से 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और उनकी छोटी बहन को सरकारी नौकरी दी जाएगी..दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी..फर्ज निभा रहे हैं। बीती 21 फरवरी को दिल्ली कूच के दौरान हुए विवाद के चलते बठिंडा के किसान शुभकरण सिंह का निधन हो गया था, जिसे लेकर पंजाब में विपक्षी पार्टियों ने हरियाणा के पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने की मांग की। इसी के साथ वह मौजूदा पंजाब सरकार को भी ऐसा न करने के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं इस आरोप प्रत्यारोप के बीच मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की है।

# धीरे-धीरे यूपी में पारा चढ़ना शुरू

## तीन दिनों तक निकलेगी चमकीली धूप, 27 से फिर शुरू हो सकती है बूंदाबांदी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। यूपी के मौसम में तापमान अब धीरे-धीरे चढ़ने लगा है। शुक्रवार की सुबह चमकीली धूप निकली। हालांकि हवाओं में हल्की ठंडक बनी रही। इसके पहले बूंदाबांदी और बौछारों का सिलसिला बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। आगरा, आजमगढ़, बलिया, चित्रकूट, जौनपुर, झांसी, लखनऊ समेत कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। हालांकि कुछ इलाकों में पड़ी फुहारों का लोगों को पता तक नहीं चला, पर मौसम विभाग के रिकार्ड में बारिश दर्ज है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिन तक मौसम शुष्क रहने के आसार जताएं हैं।

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, मौसम खुलने, आसमान साफ रहने से कहीं-कहीं हल्का कोहरा छा सकता है। हालांकि यह बहुत कम समय के लिए होगा। 26 तक मौसम शुष्क है, लेकिन शाम से बादल छाने के आसार हैं। एक पश्चिमी विक्षोभ और सक्रिय हो रहा है, इसके कारण प्रदेश के कुछ इलाकों में 27 फरवरी को बूंदाबांदी के आसार हैं। इस बीच पारे में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं रहेगा।



## ओलावृष्टि प्रभावित जिलों में तुरंत राहत कार्य शुरू करें: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित जिलों में राहत कार्य तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि से हुई जनहानि में मृतक के आश्रितों को सहायता राशि का तुरंत भुगतान कराएं। उन्होंने बरसात और ओलावृष्टि से जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और पशु हानि उन्हें भी सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने बरसात और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को रिपोर्ट भेजने के भी निर्देश दिए हैं।

# आकाशदीप ने अंग्रेजों को जमीन चटाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रांची। आज से भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले की शुरुआत हो चुकी है। यह मैच रांची में खेला जा रहा है। भारतीय टीम सीरीज में 2-1 से आगे चल रही है। इस मैच को जीतकर टीम इंडिया अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। पहले दिन नए खिलाड़ी आकाश दीप ने उम्दा गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए। हैदराबाद में पहला मुकाबला इंग्लैंड ने जीता था। इसके बाद भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम और राजकोट में जीत हासिल की।

खबर मिलने तक इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 109 रन बना लिए हैं। फिलहाल जो रूट 16 और जॉनी बेयरस्टो 34 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों के बीच 50+ रन की साझेदारी हो चुकी है। रांची में आकाश दीप का कहर देखने को मिल रहा है। उन्होंने इंग्लैंड के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया है। आकाश ने अपने पांचवें और इंग्लिश पारी के 10वें ओवर में दो विकेट झटके थे। उन्होंने बेन डकेट को ओवर की दूसरी गेंद पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। वह 11 रन बना सके। फिर बल्लेबाजी करने आए ओली पोप को ओवर की चौथी गेंद पर एल्बीडब्ल्यू आउट किया। पोप खाता भी नहीं खोल सके। आकाश ने इसके बाद आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। इसके बाद इंग्लैंड की पारी के 12वें ओवर में जैक क्राउली से बदला लिया। उन्होंने क्राउली को क्लीन बोल्ड किया। आकाश ने अपनी 11वीं गेंद पर भी क्राउली को बोल्ड किया था, लेकिन तह नो बॉल निकला था। अब उन्होंने फिर से क्लीन बोल्ड किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू शानदार अंदाज में किया है। इंग्लैंड का स्कोर फिलहाल तीन विकेट गंवाकर 57 रन है। जो रूट और जॉनी बेयरस्टो क्रीज पर हैं। शुरुआती एक घंटे में ही इंग्लैंड ने तीन विकेट गंवा दिए हैं।



लंच तक इंग्लैंड की आधी पारी सिमटी

पहले ही टेस्ट में पेसर ने तीन विकेट झटके




# 2-3 दिन में गिरफ्तार हो सकते हैं सीएम केजरीवाल : भारद्वाज

» बोले- गठबंधन से भाजपा घबराई, धमकी दी हिस्सा न बनो

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब घोटाले के धन संशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय गिरफ्तार कर सकती है। दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने इसकी जानकारी दी है। सौरभ भारद्वाज ने दौरान कहा कि हमें जानकारी है कि अगले दो से तीन दिनों में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सवाल ये है कि केंद्र सरकार इतनी जल्दबाजी क्यों दिखा रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के लोग भी हैं हमें बता रहे हैं कि अगर गठबंधन (कांग्रेस के साथ) होता है, तो अरविंद केजरीवाल को जेल हो जाए और अगर हम उन्हें बाहर देखना चाहते हैं तो एक ही रास्ता है कि अरविंद केजरीवाल कांग्रेस के साथ गठबंधन का हिस्सा न बनें। आगे कहा कि यह स्पष्ट है कि भाजपा बहुत घबराई हुई है। उसे लगता है कि अगर आप और कांग्रेस एक साथ आ गए, जहां भी गठबंधन बनेगा। जिस भी राज्य में गठबंधन होगा। भाजपा के लिए सरकार बनाना मुश्किल हो जाएगा। उसके लिए सरकार बनाना मुश्किल हो जाएगा। इससे पहले भी ईडी छह समन भेज चुकी है, जिसे मुख्यमंत्री ने नजरअंदाज कर दिया था। ईडी ने 19 फरवरी, 2 फरवरी, 17 जनवरी, 3 जनवरी, 21 दिसंबर और 2 नवंबर को केजरीवाल को समन भेजा था, लेकिन दिल्ली सीएम पेश नहीं हुए थे। इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दिए जवाब में पूछा कि यदि वह आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी नहीं हैं, तो उन्हें समन क्यों जारी किया गया।



### हम कांग्रेस के साथ गठबंधन से पीछे नहीं हटेंगे : आप

सौरभ आगे बोले, भाजपा के लोग यह बात कह रहे हैं कि अगर मुख्यमंत्री केजरीवाल को बाहर देखना चाहती है तो कांग्रेस से गठबंधन नहीं करे, अन्यथा केजरीवाल को जेल में डाल दिया जाएगा। आप नेता डॉ. संदीप पाठक ने कहा, भाजपा को शुरू से ही यह भरोसा था कि भाजपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होगा, इससे ये खुश थे। मगर जब इन्हें पता चला कि आप और कांग्रेस का गठबंधन होने जा रहा है तो इनकी बेचैनी बढ़ गई है। अगर ये केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे तो सारे लोग सड़कों पर आ जाएंगे, ये इन्हें उल्टा पड़ जाएगा, ये समझ नहीं पा रहे हैं। हम इन्हें बता रहे हैं कि हम डरने वाले नहीं हैं। हम देश को बचाने के लिए गठबंधन में जा रहे हैं, हम पीछे नहीं हटेंगे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराई कार

» पति-पत्नी समेत तीन की मौत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



कूरेभार (सुल्तानपुर)। सुल्तानपुर के स्थानीय थाना क्षेत्र कूरेभार के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सेउर गांव के पास शुक्रवार सुबह बिहार की ओर जा रही तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पति-पत्नी व पुत्र समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में कार पर सवार पति-पत्नी व एक अन्य महिला की मौके पर मौत हो गई। जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे कूरेभार सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कूरेभार थाना क्षेत्र के सेउर गांव के पास शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे लखनऊ से बिहार की ओर जा रही तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई।

दुर्घटना में कार पर सवार बिहार के बिहिया आरा निवासी राम चंद्र गुप्ता (55), उनकी पत्नी माया देवी (52) पुत्र विकास (30) व आंटी चिंता देवी (55) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में राम चंद्र गुप्ता, माया देवी व चिंता देवी की मौके पर मौत हो गई जबकि विकास बच गया। दुर्घटना की जानकारी होने के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंचे यूपीडा कर्मी घायल विकास को सीएचसी कूरेभार ले गए। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

फोटो :4 पीएम




**पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन**

लखनऊ। पुलिस पेपर लीक मामले को लेकर अभ्यर्थियों ने इकोगार्डन में जमकर प्रदशन किया। छात्रों ने योगी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और हंगामा किया। इससे पहले 6800 सीटों पर नियुक्ति की मांग को लेकर 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने भाजपा कार्यालय का घेराव भी किया। अभ्यर्थियों ने सुबह से ही विधान सभा मार्ग में इक्कट्ठा होना शुरू कर दिया था।

# भ्रष्टाचार पर नगर निगम में पक्ष-विपक्ष भिड़े

» सपा-बसपा ने उठाया सदन में मुद्दा, मेयर से की सीबीआई जांच की मांग

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। नगर निगम में सदन की कार्रवाई शुरू हो गई है। सदन की कार्रवाई शुरू होते ही बसपा से पार्षद अमित चौधरी ने स्मार्ट सिटी के कार्यों को लेकर सवाल करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि बहुत बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने मेयर से पूरे मामले में सीबीआई की जांच की मांग की अपील की है। समाजवादी पार्टी के पार्षद दल के नेता यावर हुसैन रेशु ने कहा कि स्मार्ट सिटी के लोग शिकायत नहीं सुनते हैं। काम की गुणवत्ता पर उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के साथ दो दो फीट की नालियां बना दी गई है। वह लोग काम करके चले जाएंगे लेकिन भविष्य में नालियों की सफाई नगर निगम को करना पड़ेगा। बताएं कि लाल बाग और कैसरबाग के इलाके में सड़क ऊंची हो गई है दुकानों को नीचा कर दिया गया है। समाजवादी पार्टी बसपा और कांग्रेस के पार्षदों ने आरोप लगाया है कि स्मार्ट सिटी के अंदर अरबो रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है। इसकी जांच निश्चित तौर पर होनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने भी स्मार्ट सिटी के काम पर सवाल खड़ा किया। भाजपा पार्षद प्रमोद राजन ने कहा कि निशातगंज में चौराहा बना दिया गया जिसकी जरूरत नहीं थी। चौराहे के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। यह जांच का विषय है कि कैसे इस तरह के काम हो रहे हैं।

# काशी में बजा विकास का डमरू : मोदी

» बोले- बाबा जो चाह लेते हैं उसे कोई नहीं रोक पाता

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (23 फरवरी 2024) वाराणसी में हैं। यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि काशी में 10 साल में विकास का डमरू बजा है। बाबा जो चाह जालन ओके के रोक पावेला (बाबा विश्वनाथ जो चाह लेते हैं, उसे क्या कोई रोक पाता है) काशी हिंदू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन में सांसद ज्ञान प्रतियोगिता, सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता और सांसद संस्कृत प्रतियोगिता में भाग लेने वालों के साथ संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा विद्वानों के बीच आकर ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाने जैसा अनुभव हो रहा है।

ये दृश्य विश्वास दिलाता है कि अमृतकाल में आप सभी युवा देश को नई उंचाई पर ले जाएंगे। पांच-पांच प्रमुख प्रतिभागियों को सम्मानित करने के बाद पीएम ने कहा कि काशी सर्वविद्या की राजधानी है। काशी का स्वरुप फिर से संवर रहा है, यह पूरे भारत के लिए गौरव की बात है, मैं सभी विजेताओं को उनकी परिश्रम, और प्रतिभा को बधाई देता हूं, जो चूक गए उनका भी अभिनंदन करता हूं, आप में से कोई भी साथी हारा नहीं है न ही पीछे रहा है, आप इस भागीदारी के जरिए कई कदम और आगे आए हैं, इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाला हर कोई बधाई का पात्र है, मैं सभी विद्वानों का भी आदरपूर्वक धन्यवाद करता हूं।

### भारत का युवा ही देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा

पीएम मोदी बनारस हिंदू विश्वविद्यालय पहुंचे, इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जिस काशी को समय से भी प्राचीन कहा जाता है, जिसकी पहचान को युवा पीढ़ी जिम्मेदारी से सशक्त कर रही है, ये दृश्य हृदय में संतोष भी देता है, गौरव की अनुभूति भी कराता है और यह विश्वास भी दिलाता है कि अमृत काल में सभी युवा देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। पीएम मोदी ने बीएचयू में अपने संबोधन की शुरुआत नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव मंत्र से की।

### काशी की आभा वैश्विक मंच पर बुलंद हो रही : योगी

इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या धाम के साथ ही संयुक्त अरब अमीरात में पहला हिंदु मंदिर बना है, अब काशी की आभा वैश्विक मंच पर किस रूप में सांस्कृतिक रूप से बुलंद हो रही है, संयुक्त अरब अमीरात में बना हुआ मंदिर भी इसका एक नया उदाहरण है। बता दें कि इससे पहले पीएम ने वाराणसी के स्वतंत्रता भवन में सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार बांटे।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार:** सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार:** संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट:** हसन जैदी, **दूरभाष:** 0522- 4078371 | **Email:** daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।